***e-mail***

<u>महत्वपूर्ण/समयबद्ध</u>

प्रेषक,

**निदेशक,**
रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र,
पशुपालन विभाग
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

**समस्त मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक 1141 /सा0-एक/एक्स-84(120)/बहु0स0प0चि0से0/2022-23, दिनांक 02.03.2022

<u>विषयः-</u> **<u>पशुपालन विभाग, उ0प्र0 में बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा सेवायें(राज्य योजना) व सचल पशुचिकित्सा एवं कृत्रिम गर्भाधान इकाईयों के संचालन की योजना(राज्य योजना) अन्तर्गत योजना के वाहनों के परिचालन के सम्बन्ध में।</u>**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशालय के परिपत्र संख्या-1691/सा0-एक एक्स-84(120)/बहु0स0प0चि0से0/2021-22, दिनांक 12.03.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम् से शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश के शासकीय विभागों एवं अधीनस्थ संस्थाओं में मैनपावर के क्रय(आउट सोर्सिंग ऑफ मैनपावर) के लिये भारत सरकार द्वारा विकसित गवर्नमेण्ट ई-मार्केटप्लेस, **जेम(GeM)** की व्यवस्था में दिये गये निर्देशों/प्राविधानों के अनुरूप ***बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा सेवायें(राज्य योजना)*** व ***सचल पशुचिकित्सा एवं कृत्रिम गर्भाधान इकाईयों के संचालन की योजना(राज्य योजना)*** के वाहनों के परिचालन हेतु वाहन चालकों की व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2021-22 में किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये थे।

***बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा सेवायें(राज्य योजना)*** व ***सचल पशुचिकित्सा एवं कृत्रिम गर्भाधान इकाईयों के संचालन की योजना(राज्य योजना)*** को वित्तीय वर्ष 2022-23 में कियान्वित किये जाने के सम्बन्ध में जनपदीय अधिकारियों द्वारा कतिपय बिन्दुओं पर बार-बार दूरभाष पर पृच्छायें की जा रही है। जनपदीय अधिकारियों की सन्दर्भित पृच्छाओं के अनुक्रम में, उक्त योजनाओं को वित्तीय वर्ष 2022-23 में समुचित कियान्वित करने हेतु पूर्व में निर्गत परिपत्र दिनांक 12.03.2021 के अनुक्रम में पुनः आपको निर्देशित किया जाता है कि:-

- वित्तीय वर्ष 2022-23 में उक्त योजनाओं के कियान्वयन हेतु शासन द्वारा बजट की व्यवस्था कर दी गई है।
- कार्मिक अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-8/2019/20/1/91-का-2 /2019, दिनांक 18 दिसम्बर,2019 द्वारा शासकीय विभागों एवं अधीनस्थ संस्थाओं में मैनपावर के क्रय(आउट सोर्सिंग ऑफ मैनपावर) के लिये भारत सरकार द्वारा विकसित गवर्नमेण्ट ई-मार्केटप्लेस, **जेम(GeM)** की व्यवस्था में दिये गये निर्देशों/ प्राविधानों के साथ-साथ जेम पोर्टल से मैनपावर आउट सोर्सिंग के क्रय/व्यवस्था हेतु सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम् उद्यम अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन के निर्गत शासनादेश संख्या-42/2020/ई-153/18-2-2020-97(ल030)/2016टी0सी0, दिनांक 07.12.2020

एवं शासनादेश संख्या-3/2021/103/18-2-2021-97(ल0अ0)/2016टी0सी0-1, दिनांक 19.02.2021 में प्रदत्त निर्देशों के अनुरूप ***बहुउद्देशीय सचल पशुचिकित्सा सेवायें(राज्य योजना)*** व ***सचल पशुचिकित्सा एवं कृत्रिम गर्भाधान इकाईयों के संचालन की योजना(राज्य योजना)*** के वाहनों के परिचालन हेतु वाहन चालकों की व्यवस्था, आउट सोर्सिंग के माध्यम् से नियमानुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में भी समयबद्ध रूप से करना सुनिश्चित् करें।

- ***फर्मों के चयन के सापेक्ष पूर्व में शासन द्वारा अनुमोदित/उपलब्ध कराये गये अनुबन्ध-पत्र के प्रतिदर्श विलेख एवं शासनादेश दिनांक 18.12.2019 में प्रदत्त शर्तों/दशाओं के अनुसार ही वाहन चालकों के ई.पी.एफ. व ई.एस.आई., पारिश्रमिक आदि का नियमित/समय से भुगतान किये जाने का, सेवा प्रदाता से निष्पादित होने वाले अनुबन्ध में अवश्य उल्लेख किया जाये। साथ ही उक्त भुगतान का नियमित अनुश्रवण भी किया जाये।***
- योजना के कियान्वयन हेतु उपलब्ध करायी गई मार्ग-निर्देशिका के अनुरूप योजना का कियान्वयन किया जाय। उक्त मार्ग-निर्देशिका में प्रदत्त निर्देशों के सापेक्ष किसी भी प्रकार के विचलन की दशा मे आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।
- **योजना की गाईड-लाईन एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का संज्ञान लेते हुये इन वाहनों को योजना से इतर अन्य कार्यों में कदापि न लगाया जाये।**
- यदि योजना के वाहनों का आप द्वारा अन्यत्र उपयोग किया जायेगा तो आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।
- मार्ग-निर्देशिका मे निर्देशित किया गया है कि, ***"योजना के वाहनों का परिचालन, रूट निर्धारित कर किया जायेगा। निर्धारित रूट का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा।"*** वाहनों का रूट चार्ट तैयार कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित् करें।
- **प्रत्येक वाहन के परिचालन अन्तर्गत लागबुक की व्यवस्था एवं प्रविष्टियों को समुचित रूप से इन्द्राज/उल्लेख कराया जाये।**
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में योजना के कियान्वयन हेतु विभिन्न मानक मदों में धनराशि की मांग का प्रस्ताव ई-मेल-**jddchq@gmail.com** पर निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित् करें।

अतः उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन करते हुये योजना के कियान्वयन अन्तर्गत वांछित सूचना एवं मासिक प्रगति समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित् करें।

भवदीय,

( डा0 जीवन दत्त )

निदेशक,

रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र।

MULTI PURP MOB SERVI

पत्रांक /सा0-एक/एक्स-84(120)/बहु0स0प0चि0से0/2022-23, तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, ग्रेड-2, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. प्रमुख सचिव, पशुधन, उ0प्र0 शासन, सचिवालय, लखनऊ।

( डा0 जीवन दत्त )
निदेशक,
रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र।

MULTI PURP MOB SERVI